# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
## कार्मिक शाखा

SN·89

## अधिसूचना

विषय :– चिकित्सा विभाग मे 100% पदोन्नति कोटा के तहत ड्रेसर–।।।/ओटी सहायक–।।।, वेतन लेवल – 02 (वेतन बैंड 5200–20200/– ग्रेड पे 1900/–) के रिक्त पदों को भरने हेतु चयन के संबंध में।

संदर्भ :– i) रेलवे बोर्ड का पत्र सं E(NG)I-2000/PM10/2 दिनांक 03.05.2016 एवं 17.02.2017/S. No.

ii) रेलवे बोर्ड का पत्र सं PC-V/98/I/11/18(A) दिनांक 10.05.1998/S. No.

---

1. आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के चिकित्सा विभाग में 100% पदोन्नति कोटा के तहत ड्रेसर–।।।/ ओटीए–।।। (वेतन लेवल – 02) के 05 रिक्त पदों को चिकित्सा विभाग में वेतन लेवल–1 में कार्यरत कर्मचारियों से चयन प्रक्रिया द्वारा भरने हेतु विकल्प आमंत्रित किये जाते है।

**पदों की संख्या :– 05 (UR-05, SC-00, ST-00)**

2. उपरोक्त पदों को चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा द्वारा भरा जायेगा। उक्त पदों हेतु आरेडिका/रायबरेली के चिकित्सा विभाग में वेतन लेवल–। में कार्यरत निम्नवत कर्मचारी पात्र होंगें।

**योग्य श्रेणीः–**

i) अस्पताल परिचर (एचए),
ii) अर्दली,
iii) औषधालय चपरासी,
iv) स्ट्रैचर वाहक,
v) चौकीदार,
vi) सफाईवाला अथवा सफाई क्लिनर

**पात्रता शर्तेः–**

3. चयन परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए चिकित्सा विभाग में कर्मचारियों की जीपी रु.1800/– (वेतन लेवल 01) में अधिसूचना जारी होने की तिथि तक दो वर्ष की सेवा अनिवार्य है। इस चयन प्रक्रिया में केवल मैट्रीकुलेशन एवं उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता वाले कर्मचारी पात्र होंगें।
4. ड्रेसर–।।।/ओटीए–।।। वेतन बैंड 5200–20200/– जीपी 1900/–(वेतन लेबल–2) एक चयन पद है इसलिए यह चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा एवं कार्यदक्षता रिपोर्ट/ए पी ए आर के आधार पर की जाएगी। लिखित परीक्षा में उर्त्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की नामिका मेरिट के आधार पर बनाई जाएगी।
5. चूकि उपरोक्त पद विकल्प आमंत्रित करके भरे जा रहे है इसलिए किसी भी स्थिति में अनुपस्थित उम्मीदवारों के लिए पुनः लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकती है।
6. उपरोक्त योग्य श्रेणियों के इच्छुक कर्मचारी इस अधिसूचना के साथ संलग्न आवेदन (अनुलग्नक–।) को भरकर अपनी शैक्षिक योग्यता की छाया प्रति के साथ अपने विभागाध्यक्ष/पर्यवेक्षक द्वारा अग्रसारित करके अन्तिम तिथि दिनांक 11.03.2021 तक कार्मिक शाखा में उपलब्ध करायें। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी आवेदनकर्ताओं में से केवल योग्य उम्मीदवार को ही लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। अपूर्ण आवेदन को बिना किसी सूचना के ही निरस्त कर दिया जाएगा।
7. इस चयन हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम इस पत्र के साथ (अनुलग्नक–।।) संलग्न है।
8. यदि किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा दी गई विवरण/जानकारी किसी भी स्तर पर गलत पाई जाती है तो उनकी दावेदारी उसी स्तर पर रद्द कर दी जाएगी यदि वह उपरोक्त चयन में शामिल होने योग्य नहीं होंगें।
9. संबंधित पर्यवेक्षक/नियंत्रक अधिकारी कृपया इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करें। संबंधित कर्मचारियों को नोट कराने की जिम्मेदारी आपकी होगी।

पृष्ठ सं 02 पर जारी .......

17.02.21
APO/Staff

पृष्ठ सं 02 से आगे जारी ......

SN·88

10. लिखित परीक्षा की तिथि यथाशीघ्र घोषित की जाएगी। अतः सर्वसंबंधित लिखित परीक्षा के लिए तैयार रहें।

11. लिखित परीक्षा 120 मिनट का होगा जिसमें सभी प्रश्न (Objective Type) वैकल्पिक आधार पर होंगें। उक्त प्रश्नों में से 10% प्रश्न राजभाषा से होंगें। गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंक होगा, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्राप्तांक में से 1/3 (एक तिहाई) अंक काट लिए जाएंगें।

17-02-21
सहायक कार्मिक अधिकारी/स्टाफ
कृते महाप्रबंधक (का.)

संलग्नक :–

1. आवेदन प्रोफार्मा।
2. परीक्षा पाठ्यक्रम।

पत्र सं. E-1/MCF/Med/Prom/Gr'D'
दिनांक : 17.02.2021

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी/आरेडिका, रायबरेली।
2. सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी/आरेडिका/रायबरेली।
3. सकाधि/मुख्या. (आरेडिका/रायबरेली की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)।
4. कार्या0 प्रभारी (चिकित्सा)/आरेडिका,रायबरेली।
5. नर्सिंग सिस्टर/आरेडिका, रायबरेली।
6. नोटिस बोर्ड।

अनुलग्नक–।

SN 87

सेवा में,

सहायक कार्मिक अधिकारी
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली।

विषयः चिकित्सा विभाग में ड्रेसर–।।।/ओटी सहायक–।।। वेतन बैंड 5200– 20200 ग्रेड पे रु. 1900/–(वेतन लेबल–2) के रिक्त पदों पर चयन हेतु विकल्प के संबंध में।

संदर्भ :– आपका पत्रांक E-1/MCF/Med/Prom/Gr'D' दिनांक 17.02.2021

उक्त संदर्भित अधिसूचना के परिपेक्ष्य में, अपना विकल्प निर्धरित प्रोफार्मा पर दे रहा हूँ।

1. नाम :
2. पिता का नाम :
3. वर्तमान पदनाम :
4. कर्मचारी सं :
5. कार्यस्थल :
6. नियुक्ति तिथि :
7. वर्तमान पद पर नियुक्ति की तिथि :
8. वेतनमान :
9. ग्रेड पे 1800/– में नियमित नियुक्ति तिथि :
10. वर्ग (सामान्य/अजा/अजजा) :
11. शैक्षिक योग्यता :

मैं घोषणा करता हूँ की मेरे द्वारा दिए गए उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही है। यदि मेरे द्वारा दी गई उक्त सूचना गलत पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाए एवं मेरे खिलाफ अनुषासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक :
स्थान :

कर्मचारी के हस्ताक्षर

**नियंत्रक अधिकारी द्वारा अग्रेषित**

दिनांक :
स्थान :

**अग्रेषित करने वाले अधिकारी का हस्ताक्षर मुहर सहित**

शैक्षणिक योग्यता/विषेष सेवा सहित सेवा विवरण कर्मचारी की सेवा पंजिका से मिलान किया गया एवं उपरोक्त विवरण सही पाया गया है।

संबंधित डीलर के हस्ताक्षर पदनाम एवं तिथि

प्रभारी/अराज

17-02-21
APO/Staff

SN-86

अनुलग्नक–II

ड्रेसर–III/ओटी सहायक–III ग्रेड पे रु.1900/– के पद पर पदोन्नति हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम निम्न प्रकार है:–

1. Knowledge of all types of Dressing. सभी प्रकार कि पट्टीयाँ बाँधने का ज्ञान।
2. Antiseptic Dressing एन्टलसेप्टिक ड्रेसिंग
3. ड्रेसिंग मे उपयोग किये जाने वाले औजारों की पहचान तथा उनको आटोक्लेव द्वारा उपयोग में लाना।
4. General knowledge of India सामान्य ज्ञान।
5. दर्द निवारक औषधियों का ज्ञान।
6. इंजेक्सन I/M तथा I/V लगाने का ज्ञान।
7. रेलवे कर्मचारी को मिलने वाले अवकाश का ज्ञान।
8. राजभाषा हिन्दी मे मौखिक एवं लिखित कार्य का ज्ञान।
9. रेलवे कर्मचारी को मिलने वाले सभी प्रकार के पास का ज्ञान।
10. चिकित्सालय स्थापना के बारे मे ज्ञान।

17.02.21

सहायक कार्मिक अधिकारी/स्टाफ
कृते महाप्रबंधक (का.)

SN-132

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
## कार्मिक शाखा

## सूचना

विषयः– चिकित्सा विभाग में 100% पदोन्नति कोटा के तहत ड्रेसर–III/ओ टी ए–III (वेतन लेवल 02) के पद पर पदोन्नति हेतु लिखित परीक्षा के लिए उपयुक्त पाए गए कर्मचारियों की सूची के संबंध में।

संदर्भ :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांक दिनांक 17.02.2021

------

इस कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्रांक दिनांक 17.02.2021 द्वारा चिकित्सा विभाग में 100% पदोन्नति कोटा के तहत ड्रेसर–III/ओ टी ए–III (वेतन लेवल 02) के पद पर पदोन्नति हेतु अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके आलोक में चिकित्सा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों का आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः चिकित्सा विभाग में 100% पदोन्नति/चयन कोटा के तहत ड्रेसर–III/ओ टी ए–III (वेतन लेवल 02) के पद पर पदोन्नति हेतु लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए योग्य/अयोग्य पाए गए कर्मचारियों का विवरण निम्नवत है :–

| क्र सं | कर्मचारी सं | कर्मचारी का नाम | समुदाय | पदनाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 52000200604 | Pawan Kumar Meena | ST | Hospital Attandent | Eligible |
| 2 | 503DLC31236 | Ajay Vardhan | SC | Hospital Attandent | Eligible |
| 3 | 52000200568 | Ajit Kumar | OBC | Office Assistant | Not Eligible |

उपरोक्त उम्मीदवार को सूचित किया जाता है कि वे लिखित परीक्षा के लिए तैयार रहें, लिखित परीक्षा की तिथि की सूचना यथाशीघ्र दी जाएगी।

इस पात्रता सूची के संबंध में यदि किसी संबंधित कर्मचारी को कोई आपत्ती हो तो इसके विरूद्व अपना आवेदन इस सूची के जारी होने से 07 दिनों के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, यदि कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो इस सूची को अंतिम मान लिया जाएगा।

इसे सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

10.04.21

सहायक कार्मिक अधिकारी/स्टाफ
कृते महाप्रबंधक (कार्मिक)

सं E-1/MCF/Med/Prom/Gr 'D'
दिनांक 08.04.2021

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य चिक्तिसा अधिकारी/आरेडिका/रायबरेली।
2. सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी/आरेडिका/रायबरेली।
3. सहायक कार्मिक अधिकारी/मुख्या.:– आरेडिका/रायबरेली की वेबसाईट/मोबाइल एप पर अपलोड करने के संबंध में।
4. संबंधित कर्मचारी, सूचना पट्ट।